पत्र सूचना कार्यालय

गृह मंत्रालय

*****

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) की स्थापना को युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एनआरए के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करके देश के युवाओं को उनका उचित अधिकार प्रदान किया है"

"राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी का गठन मोदी सरकार द्वारा लिया गया एक अभूतपूर्व कदम है जो एक समान परिवर्तनकारी भर्ती प्रक्रिया को स्थापित करेगा"

''मोदी सरकार का यह परिवर्तनकारी सुधार सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) के माध्यम से केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए भिन्न-भिन्न परीक्षाओं की बाधाओं को दूर करेगा"

"एनआरए के तहत प्रत्येक ज़िले में परीक्षा केंद्र होगा, परीक्षा बहु भाषाओं में होगी और सीईटीका स्कोर तीन साल तक वैध रहेगा जिससे समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्राप्त होंगे"

''मोदी जी ने इसके माध्यम से केंद्र सरकार में नौकरियों के लिए एक ही परीक्षा करके प्रत्याशियों का वित्तीय बोझ कम करने का भी बहुत बड़ा काम किया है"

नई दिल्ली ,19.08.2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) की स्थापना को युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया है। अपने ट्वीट्स में श्री अमित शाह ने कहा कि "आज की कैबिनेट बैठक में राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) की स्थापना को मंजूरी दिये जाने के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करता हूँ। यह परिवर्तनकारी सुधार सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) के माध्यम से केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए भिन्न-भिन्न परीक्षाओं की बाधाओं को दूर करेगा"।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि "एनआरए के तहत प्रत्येक ज़िले में परीक्षा केंद्र होगा, परीक्षा बहु भाषाओं में होगी और सीईटी का स्कोर तीन साल तक वैध रहेगा जिससे समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्राप्त होंगे। मोदी जी ने इसके माध्यम से केंद्र सरकार में नौकरियों के लिए एक ही परीक्षा करके प्रत्याशियों का वित्तीय बोझ कम करने का भी बहुत बड़ा काम किया है"।

श्री अमित शाह ने यह भी कहा कि "राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) का गठन मोदी सरकार द्वारा लिया गया एक अभूतपूर्व कदम है जो एक समान परिवर्तनकारी भर्ती प्रक्रिया स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एनआरए के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करके नौकरी हासिल करने का प्रयास करने वाले देश के युवाओं को उनका उचित अधिकार प्रदान किया है"।

https://twitter.com/AmitShah/status/1296075509042835456?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1296075644556595200?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1296075885267714048?s=20

***

एनडब्लू/आरके/पीके/एसएस/डीडीडी